कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–05, मई 2016

**किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545**

# कामधेनु

## प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग (PEB)

बेस्ट ग्लोबल ब्रान्ड अवार्ड तथा एशिया के मोस्ट प्रौमिसिंग ब्रान्ड अवार्ड से सम्मानित कामधेनु लिमिटेड स्टील तथा इस्पात सेग्मेंट में विश्व स्तर पर वर्चस्व कायम कर चुका है। एक 360° निर्माण समाधान कंपनी के रूप में स्थापित होने को तैयार कामधेनु लिमिटेड लगातार अपने उत्पाद पोर्टफोलियो को विस्तार दे रहा है। गुणवत्ता, आविष्कार और भरोसे की अडिग परंपरा का प्रतीक बन चुके ब्राण्ड कामधेनु के अंतर्गत प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग पेश कर कंपनी ने भारतीय बाज़ार में स्पष्ट छाप छोडी है।

प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग के बढ़ते बाज़र के बारे में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल का कहना है कि, ''देश में आ रही इंफ्रास्ट्रक्चर क्रांति को देखते हुए आने वाले समय में प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग की बाज़ार माँग कई गुणा बढने वाली है। देश में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत लगातार निवेश बढ़ रहा है। हर बड़े शहर में मेट्रो अथवा मोनो रेल की परियोजना लगाने पर विचार हो रहा है। भारतमाला योजना के तहत हाइवे का जाल बिछाया जा रहा है। सागरमाला प्रोजेक्ट के तहत बंदरगाहों का विस्तार किया जा रहा है। नए नए शहरों में एयरपोर्ट बनाए जा रहे हैं। यह समझना मुश्किल नहीं है कि मेट्रो स्टेशन, स्टेडियम, एयरपोर्ट हैंगर, औद्योगिक शेड व गोदाम, कारपोरेट ऑफिस, टोल प्लाज़ा आदि के लिए बड़ी संख्या में प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग की माँग पैदा हो रही है।''

आज विकसित देशों में प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग की अत्याधिक माँग है। मेटल बिल्डिंग मैन्यूफैक्चर्स एसोसिएशन द्वारा करवाए गए सर्वेक्षण से भी पता चला है कि आज अमेरिका में 60 प्रतिशत गैररिहायशी लो राइज बिल्डिंग प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग हैं। कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल अपने अचूक बाज़ार समझ के लिए जाने जाते हैं और प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग की माँग को लेकर उनकी सोच सटीक और दूरदर्शिता भरी है।

कामधेनु प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग कम्प्यूटराइज़्ड डिजायन द्वारा उच्च गुणवत्ता के विभिन्न स्ट्रक्चरल कंपोनेंट को लेकर तैयार किया जाता है। इन बिल्डिंग्स में स्काईलाइट, वाल लाइट, टर्बो वेंटिलेशन, रिज़ वेंटिलेशन, रूफ मॉनिटर्स, दरवाज़े व खिड़कियों के ट्रसेज़, मेजिनाइन फ्लोर, क्रेन सिस्टम, कैनोपी, फेशिया, इन्सूलेटर्स आदि उपभोक्ता की जरूरत के अनुसार लगाए जाते हैं। कामधेनु प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग अन्य ब्रान्ड की अपेक्षा वजन में हल्के तथा मज़बूती में बढ़कर हैं। तेजी से इंस्टॉल होने की वजह से समय की बचत, सुविधा, बेहद मज़बूती तथा कम लागत जैसे फायदे देने वाले प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग्स काफी टिकाऊ हैं और इनका दुबारा इस्तेमाल हो सकने की वजह से रिसेल वैल्यू सदा बना रहता है।

इस उत्पाद की गुणवत्ता के बारे में श्री सुनील अग्रवाल ने बताया कि ''स्ट्रक्चरल उत्पाद से जुड़े होने के अपने लंबे अनुभव का लाभ लेते हुए हमने कामधेनु प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया है। इन बिल्डिंग का प्राइमरी बिल्टअप में इस्तेमाल होने वाले एच–बीम्स आई एस : 2062 की क्वालिटी स्टैन्डर्ड वाले हाई ग्रेड स्टील प्लेट से बनाए जाते हैं जो इमारत को जबरदस्त मज़बूती देते हैं। जंग तथा नमी से सुरक्षा देने के लिए इन पर 25 माइक्रॉन से अधिक का रेड ऑक्साइड प्राइमर लगा हुआ होता है। इसके बाद इन पर 120 जीएसएम तक की जिंक कोटिंग की जाती है। इस प्राइमरी बिल्टअप के ऊपर उच्च गुणवत्ता के गैल्वेनाइज्ड अथवा गैल्वैल्यूम पार्ट्स लगाए जाते हैं, जिनपर कोटिंग स्टैंडर्ड ए. एस. 1397–1993 के अनुसार ए ज़ेड 150 कोटिंग की जाती है। 350 एमपीए स्ट्रेन्थ के हाई टेंसाइल स्टील से निर्मित इन स्ट्रक्चरल कंपोनेंट्स से बना कामधेनु प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग को सालों–साल मेंटीनेन्स की आवश्यकता नहीं पड़ती है।''

कामधेनु प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग्स खूबसूरती के लिहाज से भी बेहतर हैं। ये भूकंपरोधी है और इनका निर्माण सही लागत में बिना किसी परेशानी के बहुत ही कम समय में हो जाता है। डिजायनिंग और कंसल्टेशन से लेकर ऑन साइट इंस्टॉलेशन तक कामधेनु लिमिटेड अपने उपभोक्ताओं को प्री इंजीनियरिंग बिल्डिंग्स के लिए हर प्रकार का समाधान उपलब्ध करा रहा है।





# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ईरान दौरा

ईरान के दो दिवसीय दौरे पर गए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ईरान के राष्ट्रपति के बीच बहुप्रतीक्षित चाबहार डील पर सहमति बन गई है। ईरानी राष्ट्रपति हसन रोहनी और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मीटिंग के बाद मीडिया के समक्ष साझा बयान दिया। मोदी की यात्रा में जिस चाबहार पोर्ट को सबसे अहम माना जा रहा है उस पर दोनों देशों के बीच सहमति बन गई है।

मोदी ने कहा कि चाबहार पोर्ट के विकास में भारत 500 मिलियन डॉलर का निवेश करेगा। ईरान और भारत चाबहार पोर्ट के एमओयू पर हस्ताक्षर करने जा रहे हैं। इसके साथ ही दोनों देशों के बीच 12 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं।

ईरानी राष्ट्रपति हसन रोहानी ने कहा कि चाबहार पोर्ट इंडिया और ईरान के बीच सहयोग का सिंबल बनेगा। पीएम मोदी ने भी कहा कि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौतों में चाबहार पोर्ट के साथ इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी प्रगति मील के पत्थर हैं। दोनों देश आपस में डिप्लोमैट्स की ट्रेनिंग और सांस्कृतिक साझेदारी को भी बढ़ावा देंगे। पीएम ने कहा कि त्रिपक्षीय ट्रांसपोर्ट ऐंड ट्रांजिट अग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होने जा रहा है। इससे ईरान, अफगानिस्तान और हिन्दुस्तान आपस में जुड़ जायेंगे।

# सिंहस्थ कुंभ में देश–विदेश के लाखों श्रद्धालु हुए शामिल

सिंहस्थ कुंभ का महापर्व उज्जैन की क्षिप्रा नदी तट पर बारह वर्षो के अंतराल पर मनाया जाता है जब बृहस्पति सिंह राशि पर स्थित रहता है। इस अवसर पर नदी में डुबकी लगा कर हर कोई परमात्मा की अटूट भक्ति को महसूस करना चाहता है। इस अवसर पर श्रद्धालुओं का उत्हास देखने को मिल रहा है। उज्जैन का हर रास्ता जय महाकाल के उदघोष से गुंजित हो रहा है। जानकार बताते है कि मध्यप्रदेश में आयोजित सिंहस्थ मेले में श्रद्धालुओं की इतनी भीड़ पहले कभी नहीं देखी गई।

भारतीयों के साथ विदेशी भक्त भी बड़ी तादाद में देखे जा रहे है एवं सबका आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं। ग़ौरतलब है कि सिंहस्थ कुंभ में डुबकी लगाने के लिए 45 देशों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। इस मेले में कई ऐसी उपलब्धियां रही है जो पहले कभी नहीं हुई। जैसे कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण के प्रथम दिन 3 मई को ही भक्तों ने रिकार्ड 6 करोड़ 88 लाख 563 पार्थिव शिवलिंग निर्माण कर लिया। इस अद्भुत कार्य पर 'गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड' की टीम ने प्रमाण पत्र भी दिया है।

देश की संस्कृति को मज़बूत करने के उद्येश्य से आयोजित समरसता स्नान कार्यक्रम के तहत भाजपा अध्यक्ष अमित शाह एव मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक माह तक चलने वाले हिन्दुओं के धार्मिक मेले सिंहस्थ कुंभ में शामिल होने इन्दौर से यहां पहुंचे और क्षिप्रा नदी के वाल्मीकि घाट पर दलित साधुओं सहित अन्य साधुओं के साथ स्नान किया। इसके बाद अमित शाह ने दलित साधुओं सहित अन्य साधुओं के साथ समरसता भोज कार्यक्रम के तहत भोजन भी ग्रहण किया।



# मेक इन इंडिया के प्रभाव से निवेश में तेजी




प्रधानमंत्री श्री मोदी जी द्वारा शुरू किया गया **मेक इन इंडिया** अभियान का असर दिखने लगा है और इसके तहत समृद्ध भारत की ओर सशक्त शुरूआत हो चुकी है। भारतीय मैन्यूफैक्रिंग सेक्टर में नई ऊर्जा भरते हुए मेक इन इंडिया की पहल ने विश्व भर की कंपनियों को भारत में निवेश के लिए आकर्षित किया है। जून 2014 से जनवरी 2016 के बीच भारत में विदेशी निवेश की राशि में उससे पहले के 18 महीनों की तुलना में 48% बढ़ी है। 13 से 18 फरवरी के बीच मुंबई में आयोजित **मेक इन इंडिया सप्ताह** के दौरान 15 लाख करोड़ रूपए के निवेश के समझौते हुए।

मैन्यूफैक्चिरंग सेक्टर में लगातार हो रहे इन निवेशों से भारत के आयात में कमी आ रही है और विदेशी मुद्राभंडार बढ़ रहा है। साथ ही रोज़गार के अवसर में अपार वृद्धि हो रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम में बोलते हुए **मेक इन इंडिया** को शेर जैसा क़दम बताया, उन्होने निवेशकों को आश्वस्त किया कि सरकार उनका पैसा डूबने नहीं देगी आगे श्री मोदी ने कहा अब सोच बदल रही है, हम चाहते है हमारी कंपनियां बहुराष्ट्रीय कंपनियों की तरह चमके और तरक्की करे जिसका लाभ भारत को मिलेगा।




# दुबई टूर पर KAMDHENU SS 10000 डीलर्स

भारत की नंबर 1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड प्रीमियम उत्पाद KAMDHENU SS 10000 भारत की एकमात्र अधिकृत डबल रिब टीएमटी रिबार है। KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट पर दोगुनी मज़बूत पकड़ बना कर निर्माण को डबल सुरक्षा प्रदान करता है। कंक्रीट पर सर्वाधिक मज़बूत पकड़ एवं श्रेष्ठ गुणवत्ता व बेहतरीन मज़बूती के कारण KAMDHENU SS 10000 को विशेषज्ञ भूकंपरोधी निर्माण के लिए सबसे अधिक उपयुक्त टीएमटी रिबार मानते हैं। डबल मज़बूती और डबल सुरक्षा के कंपनी के दावे की पुष्टि करते हुए प्रसिद्ध इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी में द्वारा किए गए प्रयोग में भी साबित हुआ है कि KAMDHENU SS 10000 कंक्रीट पर साधारण सरिए के मुक़ाबले 254 प्रतिशत अधिक मज़बूत पकड़ बनाता है।

इस आविष्कारी उत्पाद के सेल्स का तरीक़ा भी बिल्कुल अनूठा रखते हुए कंपनी इसे वजन के अनुसार नहीं बल्कि प्रति पीस के हिसाब से बाज़ार में उपलब्ध करवा रही है। KAMDHENU SS 10000 के प्रीमियम उत्पाद प्रोफाइल के अनुसार ही कंपनी ने एक विशेष बाज़ार नेटवर्क तैयार करते हुए एक्सक्लूसिव डीलर्स और सेल प्रमोटर्स बनाए हैं। आज समूचे उत्तर और पश्चिम भारत के सभी प्रमुख बाजारों में KAMDHENU SS 10000 की अच्छी मांग है। साथ ही देश के अन्य शहरों में भी इसकी भारी मांग है। विगत वित्त वर्ष के दौरान एक बार फिर प्रोडक्ट की अच्छी उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए कंपनी ने दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान के चैनल पाटनर्स के लिए दुबई में सेल्स प्रमोशन टूर का आयोजन किया।

125 से अधिक KAMDHENU SS 10000 डीलर्स को उनके परिवार सहित 28 मार्च से 1 अप्रैल के बीच इस सेल्स प्रमोशन टूर पर प्रसिद्ध पर्यटन स्थल दुबई जाने का अवसर मिला। इस टूर पर कामधेनु लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी साथ थे, जिनमें श्री सचिन अग्रवाल– निदेशक, श्री राजीव शर्मा – सीनियर जीएम, श्री सुशील कुमार भारद्वाज – एजीएम, श्री संतोष सिंह चौहान – असि. मैनेजर एवं श्री सौरभ सुमन – असि. मैनेजर शामिल हैं। KAMDHENU SS 10000 हरियाणा के सेल्स प्रमोटर्स विगोर स्टील इंडिया प्रा. लि. के श्री ममन चंद गोयल तथा दिल्ली एवं राजस्थान के सेल्स प्रमोटर सैटर्न स्टील्स प्रा. लि. के श्री राजेन्द्र गर्ग व श्री राजीव गर्ग भी इस 5 दिवसीय दुबई टूर में साथ थे। श्री गुलशन गुप्ता, श्री अनिल भाारदा, श्री पंकज कुमार गर्ग एवं श्री संजय गुप्ता सहित कई कामधेनु डिस्ट्रीब्यूटर्स को भी इस सेल्स टूर टीम में भाामिल किया गया। इस टूर के दौरान सभी लोगों के ठहरने का इंतज़ाम शेख अल जायद रोड पर स्थित दुबई के प्रसिद्ध होटल क्राउन प्लाजा में किया गया। सेल्स टूर में भाामिल लोगों को पर्यटन स्थलों पर घुमने के साथ–साथ एक एवार्ड नाइट फंक्शन में भी शामिल होने का मौका मिला।

डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स ने दुबई में मज़ेदार समय बिताया और सब ने जूमेराह मस्जिद, ओल्ड अरेबियन हाउसेज व 150 साल पुरानी दुबई फोर्ट जैसे एतिहासिक धरोहरों को देखा। शाम के समय में सभी ने लकड़ी की बनी परंपरागत नाव जिसे धोऊ क्रूज कहते हैं में सैर का आनंद लिया। धोऊ में बैठकर क्रीक के दोनों ओर बसे दुबई के परंपरागत तथा माडर्न आर्किटेक्चर को देखने का आनंद उठाते हुए सभी ने रात का खाना भी धोऊ क्रुज पर ही खाया। अगले दिन सभी लोगों ने आसमान को छूती इमारत बुर्ज ख़लीफा को देखा एवं डेज़र्ट सफारी का मज़ा उठाया। डेज़र्ट सफारी के दौरान रेगिस्तान में डूबते सूरज की रोशनी में रेत के विशाल टीलों का दिलकश नज़ारा और टीले पर पर चढ़ कर खुद की तस्वीरों को क्लिक कर ढेर सारी यादों को सॅजोने के अनुभव ही निराला था। कुछ लोगों ने ऊंट की सवारी भी की, फिर सबने देर रात बैली डांस का मजा भी लिया।

इस दौरे का मुख्य आकर्षण अवार्ड नाईट फंक्शन था, जिसको KAMDHENU SS 10000 के सेल्स प्रमोटर श्री राजेंदर गर्ग एवं सीनियर जीएम श्री राजीव शर्मा द्वारा कॉर्डिनेट किया गया। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य अपनी टीम के हौसले को बढ़ाना था, जिससे सभी चैनल पार्टनर प्रेरित होकर इस ही तरह काम करते रहें और कंपनी को और नई ऊँचाईयों तक ले जाएं। टूर की समाप्ति पर कामधेनु के अधिकारियों ने KAMDHENU SS 10000 डीलर्स की कड़ी मेहनत और लगन की भरपूर सराहना की।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

नसरीन फ़ातिमा
**मेसर्स आज़ाद पेन्ट्स हाउस**
कोतवाली रोड, बस्ती
उत्तर प्रदेश
मो.: 09415173154

दीना नाथ
**मेसर्स नमन ट्रेडर्स**
तेतारी बाज़ार,
सिद्धार्थ नगर, उत्तर प्रदेश
मो.: 09919696092

अरूण गुप्ता
**मेसर्स ऐपी स्वील एन्टरप्राईज़ेज**
फैज़ाबाद रोड, पोलीटेक्नीक
क्रॉसिंग के नजदीक,
लखनऊ–226001
फोन: 09415020118, 9044591214

RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.05.2016


KAMDHENU PAINTS

# टारगेट का बादशाह 4

## सितारों से सजी शाम, कामधेनु पेंट्स के नाम



सजावटी पेंट के क्षेत्र में टॉप की भारतीय कंपनियों में शामिल कामधेनु पेंट्स देश भर में अपनी बेहतरीन गुणवत्ता और विविधता के लिये जाना जाता है। आधुनिक पीढ़ी की पसंद बन चुका कामधेनु पेंट्स आज भारत की सबसे तेजी से बढ़ रही सजावाटी पेंट कंपनी है। स्थापना के कम समय के अंदर कंपनी ने महत्वपूर्ण बाज़ार हिस्सेदारी पाने में कामयाबी पा ली है। देश के सभी महत्वपूर्ण बाज़ारों में क्वालिटी पेंट उत्पाद की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराते हुए कंपनी हर प्रकार के उपभोक्ताओं की रूचि और आवश्यकता का ध्यान रखती है। इसी दिशा में कंपनी ने हाल ही में बेहतरीन वुड फिनिश उत्पाद कामोवुड के साथ–साथ कामोडैम्प्रूफ के नाम से नमी को रोकने वाला असरदार उत्पाद लॉच किया है।

अपने व्यावसायिक सिद्धांतों के मुताबिक कामधेनु पेंट्स अपने डीलरों को महत्वपूर्ण सहयोगियों के रुप में देखती है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले डीलरों को प्रोत्साहित करने के लिये कामधेनु पेंट का सेल्स व मार्केटिंग डीवीजन, नियमित तौर पर डीलरों के लिये पुरस्कार और इनामी योजनायें निकालता रहता है। पिछले दो वर्षों में कंपनी ने मेगा डीलर इंसेटिव स्कीम के रूप में टारगेट का बादशाह सीरीज़ के तीन आयोजन किए है। इन आयोजनों में कंपनी के सेल्स टारगेट को पूरा करने वाले डीलर्स को कंपनी 5 सितारा होटल में ठहरने, पार्टी करने, सेलिब्रेटी डांस ग्रुप्स के कार्यक्रम को देखने तथा बॉलीवुड के बड़े सितारों के साथ रूबरू होने का अवसर देती रही है। इन तीनों आयोजन को मिली सफलता को देखते हुए और पेंट डीलर्स की इच्छा को ध्यान में रख कर कंपनी ने टारगेट का बादशाह 4 ब्रेकिंग बैरियर के नाम से और भी बड़े पैमाने पर नए स्कीम को लॉच किया है।

इस अनूठे स्कीम में देश भर के डीलर उत्साह से हिस्सा ले रहे हैं। इस स्कीम के तहत कंपनी ने लक्ष्य को पूरा करने वाले डीलर्स के लिए 3 दिनों के लिये गोवा के होटल ग्रान्ड हयात तथा होटल सिडाडे इन में ठहरने का इंतजाम किया गया है। आगामी 2 जून को होटल पहुॅंचने के बाद सभी आमंत्रित डीलर्स रात के डीनर के साथ रशियन बैले आर्टिस्ट के कार्यक्रम का आनंद लेंगे। तीन जून को डीलरबंधुओं के लिए रेन डांस पार्टी, बालीवुड सेलिब्रेटीज के साथ फोटो शूट आदि के बाद शाम में रॉयल डेटिन कैसिनो में डिनर का इंतजाम किया गया है। रॉयल डेटिन कैसिनो एक आलीशान क्रूज पर बना प्रसिद्ध कैसिनो है जिस पर जाकर सभी डीलर्स अरब सागर की लहरों पर थिरकती शाम का आनंद ड्रिंक्स और डिनर के साथ उठाने वाले हैं।



क्वालिफाइड डीलर्स को बॉलीवुड के सितारे **कंगना रनौत, प्रीति जिंटा, अदिति राव हैदरी** तथा **प्राची देसाई** के साथ फोटो शूट का अवसर दिया जाएगा। कार्यक्रम की आखिरी शाम में रंग भरने के लिए टीवी की दुनिया के प्रसिद्ध डांस ग्रुप वी कंपनी और इल्लुमिनाती के डांस शो होंगे। इसके बाद इस समारोह को संगीत से थिरकाने के लिए आज के दौर की हिट बॉलीवुड गायिका नेहा कक्कर का लाइव परफार्मेंस होगा। 4 जून की रात सुरीले नगमों की बरसात लेकर आयेगा।

कामधेनु पेंट के निदेशक श्री सौरभ अग्रवाल ने इस समारोह के बारे में कहा कि, ''टारगेट का बादशाह 4 सिर्फ एक बड़े पैमाने पर मनाया गया समारोह ही नहीं है। यह स्कीम ब्रेकिंग बैरियर के नाम से पुकारी गई है। कंपनी की अपेक्षा है कि हमारे डीलर्स पूरा दमखम लगाए और अपने ग्रोथ के रास्ते में जो भी बाधाएं हैं उन्हें उखाड़ फेंके। कई पेंट डीलर्स ने पिछले साल में जबरदस्त ग्रोथ दिखाया है। हमारी कोशिश रहती है कि सबको अपनी लगन और मेहनत का बढ़–चढ़ कर परिणाम मिले। 2 से 4 जून 2016 का हमारा कार्यक्रम पेंट डीलर्स के लिए यादगार लम्हों की सौगात लेकर आने वाला है जो उनके दिलो–दिमाग में खुशियों के रंग भर देगा।''





Printed at Classic Press, D-87, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-341, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22720439, Fax: 011-22720459, Email: news1@vsnl.com